राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर

क्रमांकः 458 दिनांक : 09-7-2015

समस्त उप आवासन /
समस्त उप आवासन आयुक्त,
राजस्थान आवासन मण्डल,
जयपुर।

विषय :– मण्डल द्वारा तैयार किये गये रिकवरी एवं ऑनलाईन फार्म भरने हेतु तैयार किया गया सॉफ्टवेयर उपयोग में लेने के संबंध मे।

महोदय,

राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा कार्य में पारदर्शिता लाने के मकसद से राजकाम्प के सहयोग से मण्डल द्वारा तैयार किये गये रिकवरी एवं ऑनलाईन फार्म भरने हेतु तैयार किया गया सॉफ्टवेयर का निर्माण पूर्ण कर सभी वृत एवं खण्ड कार्यालयों के अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक ट्रैनिंग दी जा चुकी है। अतः भविष्य में नये प्रारम्भ किये जाने वाली ऑनलाईन योजना की मोनेटरिंग एवं पूर्ण प्रोसेस का कार्य भी इसी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जावेगा एवं साथ ही वसूली के कार्य हेतु कांउटर्स एवं बैंक में जमा राशि का विवरण ऑनलाईन/ऑफलाईन पद्वति से इसी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जावेगा। सभी उप आवासन आयुक्तों को निर्देश दिये जाते है कि यदि आपके कार्यालय में वसूली से संबंधित आवंटियों द्वारा जमा कराई गयी राशि का विवरण इलक्ट्रानिक मोड में (कम्प्यूटर में दर्ज हो) उपलब्ध हो तो कृपया आगामी 7 दिवस में उक्त डाटा एम.एस. एक्सल में कम्प्यूटर प्रकोष्ठ में भिजवाने का श्रम करें, जिससे कि उक्त डाटा मेन सर्वर पर डाला जा सके। कम्प्यूटर प्रकोष्ठ में वर्तमान में निम्न स्थानों से डाटा प्राप्त हो चुका है ।

क्रमांक	कार्यालय का नाम	वर्ष से वर्ष तक	कुल रिकार्ड
1.	उप आवासन आयुक्त वृत–प्रथम, जयपुर	1989–90 से 2014–15 (जून 2015 तक) (प्रताप नगर, सांगानेर)	567728
2.	उप आवासन आयुक्त वृत–प्रथम, द्वितीय, तृतीय जयपुर	1987–88 से 2014–15 (जून 2015 तक) (मानसरोवर, जयपुर)	842222
3.	उप आवासन आयुक्त वृत– तृतीय जयपुर	2004–05से 2014–15 (जून 2015 तक) (इंदिरा गांधी नगर, जयपुर)	120769
		1986–87 से 2014–15 (जून 2015 तक) (मालवीय नगर, जयपुर)	400331
4.	उप आवासन आयुक्त वृत प्रथम, द्वितीय जोधपुर	1999–00 से 31.05.15 (जून 2015 तक) (जोधपुर की कॉलोनिया)	548435

इस कार्य हेतु आपके कार्यालय के सभी अधिकारियों को आवश्यक User ID एवं Password जारी किये जा चुके है जो कि आपके कार्यालय के (उप आवासन आयुक्त) महोदय के ई–मेल पर कम्प्यूटर प्रकोष्ठ द्वारा भेजे जा चुके है। उक्त सॉफ्टवेयर मण्डल की वेबसाईट www.rhbonline.rajasthan.gov.in से Departmental Login से उपयोग में ली जा सकती है। कृपया इस संबंध में यदि ऑपरेशन में यदि कोई कठिनाई आ रही हो तो कृपया संयुक्त निदेशक कम्प्यूटर प्रकोष्ठ में बेसिक टेलिफोन नम्बर 0141–2740648 पर सम्पर्क करें।

(आर.के. अग्रवाल)
मुख्य अभियंता (मु0)

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव–अध्यक्ष/आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर।
2. सचिव, राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर।
3. मुख्य अभियंता, मु0/प्रथम/द्वितीय राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर।
4. वित्तीय सलाहकार, राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर।
5. अति. मुख्य अभियंता, मु0/प्रथम/द्वितीय राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर ।
6. उप आवासन आयुक्त, जयपुर वृत प्रथम/द्वितीय/तृतीय/जोधपुर वृत प्रथम/द्वितीय, कोटा/उदयपुर/बीकानेर/अलवर, गुणवत्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर।
7. समस्त आवासीय अभियंता, राजस्थान आदासन मण्डल, जयपुर।
8. आवासीय अभियंता पी.एण्ड एम, राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर।
9. JD(SA) R.H.B Jaipur वेबसाइट पर अपडेट करने व सम्बन्धित को मेल करने हेतु ।

मुख्य अभियंता (मु0)